क्विक हील ने पहली बार लॉन्च किया साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम

नई दिल्ली (सच कहूँ न्यूज)। क्विक हील टेक्नोलॉजीज की सीएसआर शाखा क्विक हील फाउंडेशन (क्यूएचएफ) ने लगातार बढ़ रहे साइबर अपराध के प्रति जागरूकता फैलाने के लिये एक जरूरी कदम उठाया है। इस फाउंडेशन ने नुक्कड़ नाटकों की एक श्रृंखला लॉन्च करने के लिए इंदौर सिटी पुलिस और साइबर सेल टीम के साथ सहयोग किया है। फाउंडेशन ने शहर के लोगों में ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाने के लिये अपनी सिग्नेचर पहल साइबर सुरक्षा के लिये साइबर शिक्षा के अंतर्गत यह कदम उठाया है। एच.एन. मिश्र, पुलिस आयुक्त द्वारा श्रीमतीअनुपमा काटकर, अध्यक्ष, क्यूएचएफ, मनीष कपूरिया, अतिरिक्त सीपी एल/ओ, राजेश हिंगनकर, अतिरिक्त सीपी मुख्यालय/अपराध की उपस्थिति में किया जाएगा। जाने-माने और प्रोफेशनल कार्यक्रम आयोजक- सिने जगत के योग इवेंट्स इन नाटकों का आयोजन करवाने में फाउंडेशन का सहयोग करेंगे। क्विक हील फाउंडेशन अध्यक्ष अनुपमा काटकर ने कहा कि पूरी दुनिया ऑनलाइन की तरफ जा रही है, तो ऐसे में साइबर अपराध की दर भी तेजी से बढ़ रही है।